# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-16


A++ NAAC

विकसित भारत अभियान

क्रमांकः एफ.9(51)/ला.ब.रा.सं.वि./विकास/2026/83।　　　　दिनांकः 08.09.2026

## कार्यालय आदेश

**विषय: विश्वविद्यालय में कार्यक्रमों के आयोजन एवं स्थलों की बुकिंग के संबंध में पूर्व सूचना प्रदान किए जाने के बाबत।**

विश्वविद्यालय के समस्त विद्यापीठों, विभागों, केन्द्रों, प्रकोष्ठों एवं इकाइयों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी आन्तरिक अथवा बाह्य कार्यक्रम, यथा—व्याख्यान, संगोष्ठी, सम्मेलन, कार्यशाला, सांस्कृतिक अथवा साहित्यिक आयोजन या अन्य किसी गतिविधि का आयोजन प्रस्तावित होने की स्थिति में विकास अनुभाग को अनिवार्य रूप से पूर्व सूचना प्रदान की जाए।

इसी प्रकार, किसी कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के किसी सभागार, समिति-कक्ष, कक्षा-कक्ष अथवा अन्य स्थल को आरक्षित किया जाना हो, तो संबंधित आयोजक विभाग/इकाई द्वारा निम्नलिखित विवरण पर्याप्त समय पूर्व विकास अनुभाग को उपलब्ध कराया जाए:

1. कार्यक्रम का नाम एवं संक्षिप्त विवरण;
2. कार्यक्रम की तिथि एवं समय;
3. अपेक्षित आयोजन-स्थल;
4. आयोजक विभाग/इकाई तथा कार्यक्रम समन्वयक का नाम; और
5. कार्यक्रम हेतु अपेक्षित व्यवस्थाओं का विवरण, यदि कोई हो।

विकास अनुभाग द्वारा स्थल की उपलब्धता की पुष्टि की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार अपेक्षित व्यवस्थाओं के लिए समन्वय किया जाएगा। दोहरी बुकिंग से बचने तथा आवश्यक व्यवस्थाएँ समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम अथवा स्थल की बुकिंग को विकास अनुभाग के साथ समुचित समन्वय के उपरान्त ही अन्तिम रूप दिया जाए।

"अतः सभी संबंधित उक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।"।

सहायक कुलसचिव (विकास)

क्रमशः..

**प्रतिलिपि:**

1. समस्त अधिष्ठाताओं/विभागाध्यक्षों/निदेशकों/प्रभारियों तथा संबंधित विद्यापीठों/विभागों/केन्द्रों/प्रकोष्ठों/इकाइयों को—सूचनार्थ एवं कड़ाई से अनुपालन हेतु।
2. जनसम्पर्क परामर्शदाता को—सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर को—उक्त आदेश विश्वविद्यालय के आधिकारिक व्हाट्सएप समूहों एवं अन्य डिजिटल संचार माध्यमों पर प्रसारित करने हेतु।
4. माननीय कुलपति/कुलसचिव/वित्ताधिकारी के निजी सचिवों को—सूचनार्थ।
5. संबंधित पत्रावली।
6. कार्यालय आदेश पत्रावली।

**सहायक कुलसचिव (विकास)**

Sachin

09/09/25